9

# क्रिया

## Verb

हल्की हल्की धूप खिली है। मौसम सुहावना हो रहा है। लोग घूम रहे हैं। बच्चे खेल रहे हैं। बूढ़ा व्यक्ति बेंच पर बैठा है। साथ बैठी एक महिला स्वेटर बुन रही है। फूल खिले हैं। पेड़ पर पक्षी चहचहा रहे हैं। माली पौधों को पानी दे रहा है। दूर, मैट्रो चल रही है।



ऊपर लिखे वाक्यों में रंगीन शब्दों से किसी न किसी काम के होने या करने का पता चल रहा है। काम का बोध कराने वाले इन शब्दों को क्रिया कहते हैं। अत:

परिभाषा

**जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चले, उन्हें क्रिया कहते हैं।**

### धातु

क्रिया का मूल रूप **धातु** कहलाता है। धातुओं में प्रत्यय लगा कर क्रिया शब्द बनाए जाते हैं। **जैसे–**

| धातु | क्रिया |
|---|---|
| जा | जाना |
| बोल | बोलना |
| पढ़ | पढ़ना |

| धातु | क्रिया |
|---|---|
| गा | गाना |
| नाच | नाचना |
| घूम | घूमना |

| धातु | क्रिया |
|---|---|
| पी | पीना |
| आ | आना |
| लिख | लिखना |

### क्रिया विकारी शब्द है

लिंग, वचन तथा कारक बदलने पर क्रिया का रूप भी बदल जाता है, अर्थात इसमें विकार आ जाता है। देखिए उदाहरण–

| लिंग बदलने पर | वचन बदलने पर | कारक बदलने पर |
|---|---|---|
| बच्चा भाग रहा है। | लड़का खेल रहा है। | रितु ने पतंग उड़ाई। |
| बच्ची भाग रही है। | लड़के खेल रहे हैं। | रितु को पतंग उड़ाने दो। |

## क्रिया के भेद

क्रिया के दो भेद हैं- 1. सकर्मक क्रिया 2. अकर्मक क्रिया

1. **सकर्मक क्रिया**– जिन वाक्यों में क्रिया के साथ कर्म भी होता है, उस क्रिया को सकर्मक क्रिया कहते हैं।





चित्रों के नीचे लिखे दोनों वाक्यों में सकर्मक क्रियाओं में 'बनाना' व 'खाना' का प्रयोग हुआ हैं।

| काव्या | चित्र | बना रही है। | शबनम | (?) | खा र |
|---|---|---|---|---|---|
| कर्ता | कर्म | क्रिया | कर्ता | कर्म | क्रि |

पहले वाक्य में 'चित्र' कर्म है और क्रिया (बना रही है) अपने अर्थ को स्पष्ट बता रही है। दूसरे वाक्य में कर्म नहीं है, अतः क्रिया (खा रही है) अर्थ नहीं बता पा रही। जिज्ञासा बनी हुई है कि शबनम क्या खा रही है? यदि हम कहें कि शबनम खा रही है तो वाक्य में प्रश्नवाचक (?) की जगह कर्म (खाना) जुड़ गया। इससे क्रिया सकर्मक हो गई अ अपना पूरा मतलब समझा पा रही है।

❖ **सकर्मक क्रिया की पहचान**

सकर्मक क्रिया की पहचान **कर्म** से होती है। वाक्य में **क्रिया** के साथ '**क्या**' या '**किसे**' लगाकर करते हैं। यदि उत्तर मिलता है, तो वह सकर्मक क्रिया है; **जैसे**– बच्चे जूस पीते हैं।

**प्रश्न** – बच्चे **क्या** पीते हैं? उत्तर – जूस। इसलिए यह **सकर्मक क्रिया** है

- चाचा जी ने मुझे गुब्बारा दिलाया।

**प्रश्न** – चाचा जी ने **किसे** गुब्बारा दिलाया। उत्तर – मुझे। इसलिए यह **सकर्मक क्रिया**

2. **अकर्मक क्रिया**– जिन वाक्यों में क्रिया के साथ कर्म नहीं होता है, उस क्रिया को **अकर्मक** क्रिया कहते हैं।





**चित्रों के नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़िए–**

| दीप्ति | गा रही है। | पक्षी | उड़ रहे है |
|---|---|---|---|
| कर्ता | क्रिया | कर्ता | क्रिया |

इन दोनों वाक्यों में **कर्म**– कुछ नहीं है।

**क्रिया**–गा रही है। उड़ रहे हैं।

उपरोक्त लिखे वाक्यों में क्रिया के साथ कर्म नहीं है, अतः ये अकर्मक क्रिया है।

**अकर्मक क्रिया की पहचान** – **क्या**, **किसे**, **किसको** संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। वाक्य में अक



Scanned with CamScanner

क्रिया की पहचान करने के लिए 'क्या' लगाकर प्रश्न करते हैं, यदि उत्तर न मिले तो वह अकर्मक क्रिया है; जैसे– दीप्ति गा रही है। पक्षी उड़ रहे हैं।

प्रश्न – दीप्ति क्या गा रही है?
उत्तर – कोई उत्तर नहीं।
अतः यह अकर्मक क्रिया है।

प्रश्न – पक्षी क्या उड़ रहे हैं?
उत्तर – कोई उत्तर नहीं।
अतः यह अकर्मक क्रिया है।

**मैं हूँ स्मार्ट** **ज्ञान गंगा**

- है, हैं, था, थे किसी काम के होने को बताते हैं। **जैसे** – मनीषा वकील है। वह बीमार था।
- कुछ वाक्यों में एक से अधिक क्रियाएँ पाई जाती हैं। **जैसे**– विक्की खाना खाकर घूमने गया। मज़दूर का बच्चा रो-रो कर सो गया।
- कुछ वाक्यों में एक से अधिक कर्म पाए जाते हैं। **जैसे**– मैंने आपको पैसे दिए।
- दो कर्म वाले वाक्यों में '**किसे**' तथा '**क्या**' लगाकर प्रश्न करने पर दोनों कर्मों के उत्तर मिलते हैं। **जैसे** –

क्या दिए? – **पैसे** किसे दिए? – **आपको**

## आओ, पाठ दोहराएँ (Revision)

- किसी काम के करने या होने का बोध कराने वाले शब्द **क्रिया** कहलाते हैं।
- क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है। धातु के साथ 'ना' जोड़कर क्रिया के सामान्य रूप बनते हैं।
- क्रिया के दो भेद होते है – **सकर्मक क्रिया** और **अकर्मक क्रिया**

## आओ, हम अभ्यास करें!

Worksheet -

### कौशल बोध

सोचिए और बताइए–

1. 'दादाजी अखबार पढ़ रहे हैं।' इस वाक्य में कर्म बताओ।
2. क्रिया के मूल रूप को क्या कहते हैं? बताइए।
3. सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया में अंतर बताइए।
4. इस समय आप कौन-सी क्रिया कर रहे हैं?

Scanned with CamScanner

## कौशल लेखन

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) क्रिया किसे कहते हैं?

(ख) सकर्मक क्रिया के भेद लिखिए।

(ग) सकर्मक तथा अकर्मक क्रिया की पहचान कैसे होती है?

(घ) धातु किसे कहते हैं?

2. **नीचे दिए गए वाक्यों में से क्रिया शब्द अलग करके उनके भेद लिखिए–**

(क) कबूतर उड़ रहे हैं। – उड़ रहे हैं ............ अकर्मक

(ङ) माला सो रही है। – सो रही है ............ अकर्मक

(ख) प्रिया हँसती है। – हँसती है ............ अकर्मक

(च) सूर्य अस्त हो रहा है। – अस्त हो रहा है ............ सकर्मक

(ग) गेंदबाज़ गेंद फेंक रहा है। – फेंक रहा है ............ सकर्मक

(छ) वह बाज़ार गया है। – गया है ............ सकर्मक

(घ) अनुज पतंग उड़ा रहा है। – उड़ा रहा है ............ सकर्मक

3. **नीचे दी गई क्रियाओं का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

(क) लिखता – राम पत्र लिखता है।

(ख) खाना – माँ खाना बना रही है।

(ग) उड़ा – रोहन पतंग उड़ा रहा है।

(घ) जाऊँगा – कल मैं दिल्ली जाऊँगा।

4. **नीचे दी गई क्रियाओं की धातु लिखिए–**

(क) बोलना – बोल (ग) आना – आ

(ख) घूमना – घूम (घ) खाना – खा

5. **निम्नलिखित क्रियाओं में से सकर्मक और अकर्मक क्रियाएँ छाटँकर उन्हें अलग-अलग लिखि**

**उड़ना, पढ़ना, तोड़ना, हँसना, पढ़ाना, पीना, देखना, बैठना, लिखना, सुनाना, बताना, मुस्क**

सकर्मक क्रिया – लिखना, पढ़ाना, देखना, सुनाना, बताना

अकर्मक क्रिया – उड़ना, पढ़ना, हँसना, बैठना, मुस्कराना

Scanned with CamScanner

Page No.
Date :

# पाठ-9 क्रिया

प्र०क क्रिया किसे कहते हैं?

उ० जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चले, उन्हें क्रिया कहते हैं। क्रिया के दो भेद होते हैं :-

क. अकर्मक क्रिया    ख. सकर्मक क्रिया

प्र०ख सकर्मक क्रिया के भेद लिखिए।

उ० सकर्मक क्रिया के दो भेद होते हैं :-

क. एककर्मक    ख. द्विकर्मक

क. एककर्मक :- जिस क्रिया में एक ही कर्म हो वह क्रिया एककर्मक कहलाती है जैसे :-

→ श्याम रोटी खाता है।

→ मनीषा खाना पकाती है।

ख. द्विकर्मक :- जिस क्रिया में दो कर्म होते हैं वह द्विकर्मक क्रिया कहलाती है पहला कर्म सजीव होता है व दूसरा निर्जीव।

जैसे-→ मैंने राधा का खाना खा लिया।

Scanned with CamScanner

Page No.
Date :

प्र०3 सकर्मक तथा अकर्मक क्रिया की पहचान कैसे होती है?

उ० सकर्मक क्रिया → सकर्मक क्रिया की पहचान कर्म से ~~होती है~~ होती है। वाक्य में क्रिया के साथ 'क्या' या 'किसे' लगाकर प्रश्न करते हैं यदि उत्तर मिलता है तो वह सकर्मक क्रिया है। जैसे → बच्चे क्या पीते हैं।

~~प्र~~ अकर्मक क्रिया → क्या, ~~किस~~ किसे, किसको संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। वाक्य में अकर्मक क्रिया की पहचान करने के लिए 'क्या' लगाकर प्रश्न करते हैं यदि उत्तर न मिले तो वह अकर्मक क्रिया है जैसे – दीप्ति गा रही है।

प्र०4 धातु किसे कहते हैं?

उ० क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है।

Scanned with CamScanner